GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

# Directorate School Education
# विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालयः शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्सः 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में,

राज्य के सभी
1. जिला शिक्षा अधिकारी,
2. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,
3. जिला परियोजना समन्वयक
4. खण्ड शिक्षा अधिकारी,
5. खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी,
6. स्कूल मुखिया/प्रभारी।

यादी क्रमांकः– 1/17-2016 ACD (4)
दिनांकः– 07.07.2017

विषयः– **जुलाई मास में दस्तक कार्यक्रम के आयोजन बारे।**

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उल्लेख है कि Joyful Activity के अर्न्तगत **'दस्तक'** कार्यक्रम का आयोजन 22 जुलाई को किया जाना है। इस मास दस्तक कार्यक्रम में विद्यालयों के विद्यार्थी वर्षा के दौरान पानी में पनपने वाले मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उनसे बचने के उपायों का सन्देश लेकर जाएंगें और प्रत्येक द्वार पर दस्तक देंगें।

अगले मास अर्थात जुलाई–अगस्त में एडीज मच्छर से डेंगू बुखार और मलेरिया की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग का तन्त्र भी इतनी अधिक मात्रा में मरीजों को संभालने में कई बार असफल हो जाता है। डेंगू कई बार महामारी के स्तर तक पहुँच जाता है। इन सबसे बचने का सबसे उत्तम उपाय है कि इन बीमारियों की रोकथाम पर कार्य किया जाये ताकि इन बीमारियों के कारण जन स्वास्थ्य को होने वाली हानि से बचा जा सके और इससे पारिवारिक अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी क्योंकि परिवार की आर्थिक स्थिति बीमारियों के इलाज करवाने में ही खराब हो जाती है। दस्तक कार्यक्रम के संचालन के लिये निम्नानुसार कार्यवाही की जानी है :–

1. Joyful Saturday के दौरान इस विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता Quiz Competition का आयोजन करवाना।
2. प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को सम्बोधित करना तथा बीमारियों की रोकथाम पर जानकारी देना। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जागरूकता के लिए जारी की गई प्रचार सामग्री जैसे – वीडियो क्लिप्स आदि का भी प्रयोग किया जा सकता है।
3. दस्तक कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों के समूहों का गठन करना। गाँव /वार्ड के नक्शे के मध्यनजर घरों का आबंटन करना।
4. दस्तक कार्यक्रम के दौरान जिन घरों के दरवाजे पर दस्तक दी गई है उन पर चॉक या मार्कर से निशान लगाना।

5. पंचायत सदस्यों और सरपंच को इस सन्दर्भ में अवगत करवाना और कार्यक्रम में शामिल करना ताकि पंचायत के सहयोग से इस आयोजन को और बेहतर बनाया जा सके।
6. विद्यार्थी मच्छरों के पोस्टर/मास्क आदि के साथ लोगों को दस्तक के दौरान जागरूक करेंगें कि इससे किन–किन बीमारियों का जन्म होता है।

**उपरोक्त के आयोजन हेतु समय–सारणी निम्नानुसार है :–**

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रस्तावित तिथि | प्रभारी |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालयों द्वारा प्रचार–प्रसार | 1 से 7 जुलाई | विद्यालय मुखिया |
| 2 | विशेष प्रचार सामग्री निर्माण | 1 से 7 जुलाई | ---do--- |
| 3 | विद्यार्थियों के समूह बनाना और घरों की बांट | 16 से 21 जुलाई | विद्यालय मुखिया |
| 4 | EDUSAT प्रसारण | 16 से 21 जुलाई | ---do--- |
| 4 | पंचायत/SMC की बैठक | 16 से 22 जुलाई | ---do--- |
| 5 | दस्तक का आयोजन | 22 जुलाई | ---do--- |

"दस्तक" कार्यक्रम में विद्यालय का उद्देश्य अपने विद्यार्थियों में समाजिक बदलाव के लिए पहल करने की सोच का विकास करना है। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि ये विद्यार्थी जब बदलाव के वाहक बनेंगें तो सबसे पहले इन्हें शुरूआत अपने आप से करनी होगी। अतः इस पूरी योजना में विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

उपरोक्त मामले में उल्लेख है कि दिनांक 22.07.2017 को Joyful Activity Day के पर्यवेक्षण हेतु सभी अधिकारियों का समूह विद्यालयों में जाएगा। जिला स्तर पर सभी ABRC, BRP, APC, DMS, DSS, DIET के सभी प्रवक्ता आदि को भी इसमें शामिल किया जाए। मई 2017 में जिन–जिन विद्यालयों का पर्यवेक्षण Skill Passbook कार्यक्रम के दौरान BEO, BEEO, APC, ABRC, BRP द्वारा कर लिया गया है वो इस बार मई में पर्यवेक्षण में शामिल हो चुके विद्यालयों में न जाएँ अर्थात नए विद्यालयों का चुनाव करें तथा प्रार्थना सभा के दौरान ये सभी पर्यवेक्षक विद्यार्थियों को सम्बोधित करेंगें और बीमारियों की रोकथाम पर जानकारी देंगें। इसकी व्यापक रिपोर्ट बनाकर विभाग को उपलब्ध करवाई जाए।

सहायक निदेशक शैक्षणिक
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

**पृष्ठांकन क्रमांक समः** दिनांक, पंचकूला 07.07.2017

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. सहायक प्रबन्धक, राज्य परियोजना निदेशक।
3. निजी सचिव, माननीय निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
4. निजी सचिव, माननीया निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
5. निदेशक एस0सी0ई0आर0टी0 गुरुग्राम।

सहायक निदेशक शैक्षणिक
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

# Directorate of Secondary Education
# माध्यमिक शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

e-mail: edusecondaryhry@gmail.com web site: www.schooleducationharyana.gov.in

**Rajiv Rattan,** I.A.S.
राजीव रतन, भा०प्र०से०

Director Secondary Education Department, Haryana
निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा।


**D.O. No. 1/17-2016 ACD (4)**
**Dated 17.07.2017**

**Subject:- Dastak Programme**

Dear Mr. Singh,

As you are aware, monsoon has reached the North-Western Region of the country. Incidence of many diseases like dengue, malaria, cholera, hepatitis, typhoid, chikungunya etc. increases during the monsoon period due to increased vector presence. These diseases can be avoided if suitable measures for prevention and hygiene are adopted by all families.People get affected by these diseases and it cost heavily on their physical health, personal and State's financial as well as human resources. Health Care system also gets overloaded with the patients during Monsoon.

To ensure that a message is delivered to all families on this important social issue, 'Dastak' an initiative by the Education Department will be taken up in all the Government Schools of Haryana from July19 to July 22, 2017 for the task of awareness for control of vector form disease.

In view of the above, I request you to collaborate with the School Education Department for the initiatives to control these diseases. Various initiatives from your side in addition are welcome for creating awareness on water and mosquito borne diseases. You are requested to organize a joint meeting of Education and Health Department representatives, visit schools along with your team and organize rallies to this effect.

with best wishes -

**Yours sincerely,**

**(Rajiv Rattan)**

**Sh. Prabhjot Singh, IAS**
**Deputy Commissioner, Ambala**